## आयानगर के एक घर में आग लगने से एक व्यक्ति झुलसा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के आयानगर इलाके में एक घर में आग लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि आयानगर के एच ब्लॉक में एक मकान में आग लगने की सुबह सात बजकर 43 मिनट पर सूचना मिलने के बाद दो दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गयीं। उन्होंने बताया कि आग की इस घटना में वीरेंद्र तिवारी नामक व्यक्ति 50 प्रतिशत झुलस गया और दो स्कूटर भी बुरी तरह जल गये। उन्होंने बताया कि तिवारी को इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया है।

### कुल नौ लोगों को किया गिरफ्तार

# सीलमपुर मर्डर केस मामला: दो नाबालिग भी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी जिले के सीलमपुर में 17 वर्षीय कुणाल की हत्या के सिलसिले में लेडी डॉन समेत दो महिलाएं और दो नाबालिगों सहित कुल नौ लोगों को पकड़ा है। पुलिस का कहना है कि लेडी डॉन जिकरा ने अपने गैंग में नाबालिग भी भर्ती किये हुये थे।

डीसीपी आशीष मिश्रा के मुताबिक 17 अप्रैल को रात जे-ब्लॉक, झुग्गी सीलमपुर में कुणाल की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। कुणाल न्यू सीलमपुर का रहने वाला था। घटना की गंभीरता को देखते हुए सीलमपुर थाने की पुलिस के साथ ऑपरेशन विंग को भी जांच में शामिल किया गया था। जांच के दौरान 18 अप्रैल की



शाम को लेडी डॉन के नाम से फेमस जिकरा (19) पुत्री समीर निवासी न्यू सीलमपुर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस टीमों ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद और अमरोहा सहित दिल्ली एनसीआर में छापेमारी की। बाद में एक अन्य महिला समेत छह अन्य लोगों को पकड़ा गया। 20 अप्रैल रविवार को केस में दो नाबालिग भी पकड़े गये। जिकरा के अलावा गिरफ्तार किये आरोपियों के नाम साहिल, सोहेब, नफीश, अनीश, जाहिदा और विकास है। पुलिस का दावा है कि जिकरा, साहिल और दो नाबालिग हत्या में मुख्य रूप से शामिल थे। अन्य पांच आरोपियों की भूमिका मुख्य आरोपी को भागने और छिपने में मदद करने से संबंधित पाई गई। आरोपियों को शरण देने में उनकी संलिप्तता भी स्थापित हुई है। आरोपियों ने कबूला कि साहिल की कुणाल के साथ पुरानी दुश्मनी थी। गुरुवार को इस गैंग ने कुणाल को पकड़ लिया और उस पर कई बार चाकू से वार किया। अपराध को अंजाम देने में इस्तेमाल किए गए हथियारों को बरामद करने के लिए ईमानदारी से प्रयास किए जा रहे हैं।

## जल मंत्री ने ऑक्सीडेशन पॉन्ड का किया निरीक्षण



**नई दिल्ली।** दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने रविवार को तिमारपुर स्थित ऑक्सीडेशन पॉन्ड की लंबे समय से अधूरी पड़ी परियोजना पर सवाल उठाते हुए जांच के आदेश दिए हैं। गौरतलब है कि जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने रविवार को तिमारपुर स्थित ऑक्सीडेशन पॉन्ड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रवेश वर्मा ने कहा कि यह परियोजना आम आदमी पार्टी सरकार के भ्रष्टाचार का उदाहरण है। यहां 35 से 40 करोड़ रुपये सिर्फ घास और लैंडस्केपिंग पर, जबकि 45 करोड़ रुपये तालाब बनाने में खर्च किए गए हैं। कुल 85 करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद परियोजना आज तक पूरी नहीं हो सकी है। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि यह पैसा कहां खर्च किया गया, इसकी पूरी जांच होगी। इस परियोजना को यमुना को स्वच्छ करने के लिए एक टिकाऊ उपाय के तौर पर प्रचारित किया गया था। लेकिन अब यह खुद एक पर्यावरणीय और वित्तीय विफलता बन गई है। प्रवेश वर्मा ने कहा कि इस मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कलयुगी बेटे ने मां को गोली मारी, अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ पुलिस को गुमराह करने का किया प्रयास

द्वारका जिले के धुलसिरस गांव में एक कलयुगी बेटे ने अपनी मां को गोली मार दी। शुरुआत में पीड़ित महिला और उसके पति ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन बाद में बेटे ने अपना जुर्म कबूल लिया। उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी बेटा पुलिस की गिरफ्त में है।

डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि शनिवार को आधी रात के बाद करीब एक बजे अस्पताल से द्वारका सेक्टर-23 पुलिस स्टेशन में पीसीआर कॉल आई, जिसमें बताया गया कि धुलसिरस गांव की 52 वर्षीय महिला को गोली लगी है। अस्पताल में घायल महिला और उसके पति ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, उन्होंने कहा कि किसी अज्ञात ने उसे तब गोली मार दी जब वह अपने घर का मुख्य द्वार बंद कर रही थी। जांच के दौरान उनके बेटे अभिषेक (25) ने अपनी मां को गोली मारने की बात कबूल की। अभिषेक पर पहले से ही गैर इरादतन हत्या के प्रयास, महिलाओं का अपमान करने आदि के छह मामले दर्ज हैं। उसके पिता एक प्राइवेट फर्म में मैनेजर हैं और घायल मां गृहिणी हैं। आरोपी की निशानदेही पर एक पेड़ के पास से हथियार भी बरामद कर लिया गया है। खून साफ करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला गीला पोछा भी जब्त किया गया है। गोली मारने की वजह जानने के लिये आगे जांच व पूछताछ जारी है।

# अवैध हथियार, शराब व नशीले पदार्थों की तस्करी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी में अवैध हथियारों से जुड़े मामले लगातार बढ़ रहे हैं। शुरुआत के तीन महीनों के आंकड़ों पर नजर डाले तो अवैध हथियार, शराब व नशीले पदार्थों की तस्करी के मामलों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। शस्त्र अधिनियम से जुड़े मामलों में 1049 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चोरी की वारदातों में कमी दर्ज की गई है।

इस साल एक जनवरी से 31 मार्च तक यानी तीन माह में दिल्ली पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत 1049 अपराधियों को गिरफ्तार किया, जो पिछले साल के आंकड़ों से अधिक है। इस साल मादक पदार्थ तस्करी के मामले लगभग दोगुने हो गए हैं, जबकि शराब तस्करी के मामलों में भी 80 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। पिछले तीन महीने में 2496 शराब तस्कर और 544 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस के पीआरओ विभाग द्वारा रविवार को ये आंकड़े जारी किये गये। पुलिस ने इस साल जुआरियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की है। इस सिलसिले में 1018 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस साल चोरी की वारदातों में कमी दर्ज की गई है। इसके अलावा घरों में चोरी और वाहन चोरी की वारदातों में भी कमी देखी गई है।

( 1 जनवरी से 31 मार्च तक के तीन वर्षों के तुलनात्मक आंकड़े )

| अपराध | 2023 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|
| आर्म्स एक्ट | 801 | 957 | 1049 |
| शराब तस्करी | 1427 | 1382 | 2496 |
| एनडीपीएस एक्ट | 244 | 257 | 544 |
| जुआ | 776 | 677 | 1018 |
| चोरी | 1731 | 2017 | 1725 |
| घरों में चोरी | 4974 | 3644 | 3578 |
| वाहन चोरी | 9288 | 9080 | 9070 |
| अन्य चोरी | 40900 | 24226 | 27066 |

## ओडिशा और बिहार से गांजी तस्करी करने वाले दो पकड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने समयपुर बादली इलाके से दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के नाम बीरेंद्र प्रताप सिंह और जयराम दास है। इनके पास से 27 किलो गांजा बरामद हुआ है। पूछताछ में पता चला कि ओडिशा और बिहार से गांजा खरीदकर दिल्ली-एनसीआर में तस्करों को थोक में बेचा जाता था।

डीसीपी आदित्य गौतम के मुताबिक 27.568 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। एसीपी नरेश सोलंकी और इंस्पेक्टर सतीश मलिक की टीम ने सबसे पहले बीरेंद्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 27.568 किलोग्राम गांजा बरामद किया। उससे पूछताछ के बाद जयराम दास को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपी मूलरूप से बिहार के रहने वाले हैं और यहां समयपुर बादली में रह रहे थे। आसानी से पैसा कमाने के लिए दोनों अवैध गतिविधियों में शामिल हो गये। इनके खिलाफ प्रशांत विहार और बेगमपुर थानों में आर्म्स एक्ट और एक्साइज एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। आरोपी जेल जा चुके हैं। बीरेंद्र ने ओडिशा के एक सप्लायर के जरिए जयराम दास से संपर्क किया था। आरोपी गांजा तस्करी के लिये बार-बार बस बदलते थे और हर यात्रा के बाद अपनी टिकटें नष्ट कर देते थे ताकि पुलिस उनके रास्ते का पता न लगा सके।

# टाटा एआईजी को 30 करोड़ का चूना लगाने वाला मास्टरमाइंड दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आर्थिक अपराध शाखा ने टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी को करीब 30 करोड़ रुपये का चूना लगाने में शामिल मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड दिनेश बंसल गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी दिनेश बंसल को समयपुर बादली, औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। टाटा एआईजी के दो पूर्व अधिकारियों प्रदीप राणा (मुख्य प्रबंधक) और दीपक शर्मा (परीक्षक) इस धोखेबाज की मदद करने के आरोप में 14 अप्रैल को गिरफ्तार किये गये थे। एक और आरोपी राजू सिंह 20 अगस्त 2024 से न्यायिक हिरासत में चल रहा है।

पुलिस के अनुसार इस संबंध में टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी के धोखाधड़ी नियंत्रण इकाई के प्रमुख वीरेंद्र पाल सिंह से 13 जून 2022 को एक शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि दिल्ली एनसीआर में स्थित 6 गैराजों ने कंपनी के चार कर्मचारियों के साथ मिलीभगत करके आईआरडीएआई द्वारा लाइसेंस प्राप्त तीन बाहरी सर्वेक्षकों के साथ-साथ कुछ पॉलिसी धारकों की संभावित संलिप्तता के साथ कार की मरम्मत के फर्जी चालान प्रस्तुत किए और कंपनी को धोखाधड़ी के दावों के तहत भुगतान करने के लिए प्रेरित किया। इससे कंपनी को गलत नुकसान पहुंचाया गया। ईओडब्ल्यू द्वारा शिकायत में एक प्रारंभिक जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान काफी अनियमितताएं पाई गई। शिकायतकर्ता कंपनी द्वारा इन



धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधियों से कंपनी को 30 करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान होने का आकलन किया गया। धारा 409/420/468/471/120-बी आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच में पता चला कि दिनेश बंसल पहले सेकेंड हैंड कार का व्यापार करते थे। बाद में स्वरूप नगर में बंसल मोटर्स नाम से एक कार्यशाला खोली। नुकसान होने पर उन्होंने एक धोखाधड़ी योजना तैयार की जिसमें आकर्षक शर्तों के तहत व्यवसायियों को हाई-एंड पुरानी कारें लीज पर देना शामिल था। एक साल के इस्तेमाल के साथ सभी बीमा और मरम्मत लागत कवर और 20 प्रतिशत मूल्यह्रास पर बायबैक। यह प्रस्ताव उन ग्राहकों को पसंद आया जो बिना किसी बड़े निवेश के एक शानदार सामाजिक छवि बनाए रखना चाहते थे। इस योजना को बनाए रखने के लिए दिनेश बंसल ने टाटा एआईजी इंश्योरेंस में आंतरिक संपर्कों का फायदा उठाया, जहां उन्होंने वाहनों का बीमा किया था। वह हर साल प्रति वाहन 2-3 फर्जी दुर्घटनाएं करता था, जिसमें ज्यादातर एयरबैग क्षति का दावा किया जाता था, जिसे हेरफेर की गई तस्वीरों का उपयोग करके गलत साबित करना आसान था। प्रति घटना 2-4.5 लाख रुपये के बीच दावे किए गए और फरवरी 2019 और अगस्त 2021 के बीच लगभग 500 फर्जी दावे किए गए। लगभग 15 प्रतिशत लाभ टाटा एआईजी के अंदरूनी सूत्रों के साथ साझा किया गया था। धोखाधड़ी की गई आय को उसके चार्टर्ड अकाउंटेंट की मदद से 8 फर्जी कंपनियों के माध्यम से लूटा गया। इससे अकाउंटेंट को रकम इधर से उधर करने के लिये 10 प्रतिशत हिस्सा दिया गया। इस मामले में विभिन्न कानूनी प्रावधानों के तहत बीमा धोखाधड़ी, जालसाजी, साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप शामिल हैं।

### दो कर्मचारियों को पहले ही किया जा चुका गिरफ्तार

दो कर्मचारियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी दिनेश बंसल हरियाणा के मूल निवासी हैं और मुकुंदपुर एक्सटेंशन, फेज-2, दिल्ली में रहते थे। उन्होंने 10वीं कक्षा तक पढ़ाई की है और करीब 25 साल पहले हरियाणा से दिल्ली आए थे। उन्होंने सेकेंड हैंड कार की बिक्री और खरीद के कारोबार के साथ-साथ कार रिपेयरिंग वर्कशॉप भी शुरू किया। उनके द्वारा शुरू की गई योजना इतनी सफल रही कि उन्होंने 03 और वर्कशॉप खोलीं, जिनमें से दो अपनी पत्नी के नाम पर और एक अपने दोस्त राजू सिंह के नाम पर ताकि फर्जी दुर्घटना दावों की पुनरावृत्ति न हो। टाटा एआईजी के दोनों गिरफ्तार अधिकारी तकनीकी योग्यता रखते हैं और पिछले 8-10 सालों से कंपनी से जुड़े हुए थे। मुख्य प्रबंधक प्रदीप राणा गुरुग्राम कार्यालय से काम करता था, जबकि दीपक कुमार उत्तर पश्चिमी दिल्ली में दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के निरीक्षण के लिए नियुक्त था।

## हत्या मामले में फरार आरोपी को पानीपत से किया गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** हत्या के एक मामले में पिछले चार साल से फरार आरोपी को दिल्ली पुलिस ने हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने रविवार को एक बयान में बताया कि आरोपी सोनू उर्फ मनोज को शनिवार को पानीपत से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, सोनू ने चार फरवरी 2016 को दिल्ली के कंझावला इलाके में अनिल नाम के युवक का अपहरण कर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी और उसकी पहचान छिपाने के लिए उसका सिर धड़ से अलग कर दिया था। अनिल का निर्वस्त्र शव कंझावला क्षेत्र में मिला था। पुलिस को जांच में पता चला कि आरोपी ने अपने साथी सोंबीर और पंकज के साथ मिलकर अनिल की जान लेने की साजिश रची थी। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया, "आरोपियों ने स्कॉर्पियो गाड़ी के जरिये अनिल का अपहरण किया, फिर उसके सीने में गोली मारी और मृतक की पहचान छिपाने के लिए उसका सिर धड़ से अलग कर पास के एक नाले में फेंक दिया था।" वर्ष 2020 में आरोपी को अदालत से यह अनुरोध करने पर अंतरिम जमानत मिली थी कि उसके पिता को कैंसर है और उनका उपचार होना है। लेकिन जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद सोनू फरार हो गया और तब से लगातार अपना ठिकाना बदलता रहा था। वह ट्रक चालक के तौर पर काम कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि उसे वर्ष 2023 में भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी को कई राज्यों में तलाश के बाद हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया गया है।

### आदेश देने के बावजूद कमिश्नर ने न जांच बैठाई और ना ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की

# एमसीडी कमिश्नर के जरिए मुस्तफाबाद बिल्डिंग हादसे के दोषियों को बचा रही भाजपा : महेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुस्तफाबाद स्थित दयालपुर में शनिवार को चार मंजिला इमारत गिरने से हुई कई लोगों दुखद मौत मामले में भाजपा एमसीडी कमिश्नर के जरिए दोषी अधिकारियों को बचा रही है। यह आरोप रविवार को दिल्ली नगर निगम के मेयर महेश कुमार खिंची ने लगाया है। मेयर महेश कुमार खिंची ने प्रेसवार्ता में कहा कि शनिवार को ही मैंने कमिश्नर को जांच और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया था। लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि सोमवार को एमसीडी कमिश्नर को एक चिट्ठी लिखकर दोबारा इस हादसे की जांच का निर्देश दूंगा। इस मामले में कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा शासित दिल्ली सरकार से मृतक परिवारों को 10 लाख और घायलों को 5 लाख रुपए मुआवजा देने की भी मांग की है।

मेयर ने कहा कि शनिवार को




दिल्ली के मुस्तफाबाद स्थित दयालपुर में चार मंजिला इमारत को गिरने की घटना से हम बहुत दुखी हैं। यह अत्यंत हृदय विदारक घटना है। इस हादसे में लोगों ने अपनी जान गंवाई, उनके लिए हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनके परिवारों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। हम पीड़ति परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। महेश कुमार ने कहा कि शनिवार को हम स्वयं घटना स्थल पर पहुंचे और वहां चल रहे कार्यों का जायजा लिया। हमने रेस्क्यू ऑपरेशन टीम और अधिकारियों को जल्द से जल्द राहत व बचाव कार्य पूरा करने के निर्देश दिए थे। हमने एमसीडी के कमिश्नर से भी फोन पर बात की और मौखिक रूप से निर्देश दिए कि इस घटना में जो भी अधिकारी दोषी पाए जाएं, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। हमने कमिश्नर को निर्देश दिए हैं कि दोषी अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए। लेकिन यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई। पूरा तंत्र भ्रष्टाचार में लिप्त है। इसलिए आज हम कमिश्नर को पत्र लिखकर मांग कर रहे हैं कि इसमें लिप्त दोषी अधिकारियों को तुरंत निलंबित किया जाए।

## मृतकों के परिवार को 10-10 और घायलों को 2-2 लाख का मुआवजा दे सरकार: यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सरकार से मांग की है कि मुस्तफाबाद हादसे में मरने वालों के परिजनों को 10-10 लाख रूपए और घायलों को 2-2 लाख रूपए का मुआवजा तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए। यादव ने कहा कि इसके अलावा इस दुखमद भीषण हादसे की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच हो और अनाधिकृत निर्माण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाए। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हादसे की जांच के आदेश देकर निगम आयुक्त से जांच की रिपोर्ट मांगने से अपना पल्ला तो झाड़ लिया है लेकिन इससे इतने बड़े हादसे की भरपाई हो सकती है क्या। मरने वालों को इंसाफ दिलाने के लिए हादसे की न्यायिक जांच होनी चाहिए और प्रभावित परिवारों को तुरंत मुआवजा दिया जाए। प्रधानमंत्री ने मृतक को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजे की घोषणा की है। यादव ने कहा कि मृतकों को 2-2 लाख का मुआवजा आज महंगाई के हिसाब से कुछ भी नहीं है इसलिए मृतकों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को 2-2 लाख रुपये मुआवजा तुरंत प्रभाव से दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के गांवों, अनाधिकृत कालोनी, वर्ष 1977 में भी पास हुई कालोनियां और पुनर्वास कालोनियां जहां पर दिल्ली की 70 प्रतिशत से ज्यादा आबादी रहती है में भवनों के नक्शे पास नही होते। ऐसे में अब बिल्डिंग बॉयलॉज व निर्माण से संबंधित कानूनों में आमूल चूल संशोधन की जरूरत है। ताकि लोगों के नक्शे आसानी से पास हों और लोग कानून के अनुसार अपने मकान बना सकें। उन्होंने कहा कि बड़े आश्चर्य की बात है कि जो कॉलोनियां वर्ष 1977 में पास हुई थी, उनमें आज तक भवन निर्माण के नक्शे पास नही होते। उन्होंने अनाधिकृत निर्माण के लिए भाजपा और आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि निगम में 15 वर्ष और अब 3 वर्षों से आम आदमी पार्टी निगम पर सत्तासीन है। अनधिकृत निर्माण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक हादसों पर रोक लग सके। मुस्तफाबाद में इमारत ढहने से 11 लोग घायल भी हुए है। मुस्तफाबाद में 2015 भाजपा, 2020 में आम आदमी पार्टी और 2025 में फिर भाजपा के विधायक है जिनके संरक्षण में अनधिकृत निर्माण भरपूर हो रहा है। यादव ने कहा कि राजधानी दिल्ली भूकंपीय जोन-4 में स्थित है, जिसके अनुसार दिल्ली उच्च जोखिम वाला क्षेत्र है और यहां भूकंप की तीव्रता सामान्यतः 5-6 के बीच होती है लेकिन कभी-कभी 7-8 तीव्रता वाला भूकंप भी आ सकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अत्यधिक मात्रा में अनधिकृत निर्माण के कारण दिल्ली खोखली हो चुकी है और अगर अत्यधिक तीव्रता वाला भूकंप आया तो दिल्ली को मलबे का ढेर बनने में देर नही लगेगी। इसलिए ऐसे हादसों की जिम्मेदी से बच नही सकते। उन्होंने कहा कि दिल्ली क्योंकि देश की राजधानी है इसलिए यहां की आबादी प्रतिदिन बढ़ रही है इसलिए भवन निर्माण के कानून में ऐसा संशोधन किया जाए जिससे कि लोगों को परेशानियां न उठानी पड़े और उनको भवन निर्माण की इजाजत आसानी से मिल जाए।

# जेएनयूएसयू चुनाव की प्रक्रिया निर्धारित समय पर हो संपन्न : एबीवीपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ जेएनयू चुनाव समिति वामपंथी संगठनों के हित संरक्षक के रूप में कार्य कर रही है: राजेश्वर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप)ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनावों की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न उठाते हुए जेएनयूएसयू चुनावों को संवैधानिक रूप से कराने की मांग की है। अभाविप जेएनयू ने कहा कि चुनाव समिति बीते कई वर्षों से अपनी भूमिका को निष्पक्ष निर्वाचन संस्था के रूप में निभाने के बजाय वामपंथी छात्र संगठनों के हितों के संरक्षक के रूप में कार्य कर रही है। इस पक्षपातपूर्ण रवैये ने न केवल लोकतांत्रिक आदर्शों को चोट पहुंचाई है बल्कि समूचे विद्यार्थी समाज के विश्वास को भी गहरी ठेस दी है। अभाविप जेएनयू के इकाई अध्यक्ष राजेश्वर कांत दुबे ने कहा कि जेएनयू की चुनाव समिति वर्षों से एक ऐसे संस्था के रूप में कार्य कर रही है, जो वामपंथी संगठनों के लिए राजनीतिक सहुलियतें उपलब्ध कराती है। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ विश्वासघात है, बल्कि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा पर भी आघात है। अभाविप इस अन्यायपूर्ण और षड्यंत्रकारी रवैये का विरोध करते हुए यह सुनिश्चित करेगी कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया लागू हो।

इस साल के चुनाव को लेकर राजेश्वर ने कहा कि निर्धारित नियमों के अनुसार, नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 16 अप्रैल थी। किंतु वामपंथी संगठनों के दबाव में, इलेक्शन कमेटी ने असंवैधानिक तरीके से इसे 17 अप्रैल तक बढ़ा दिया। यही नहीं, 17 अप्रैल को नाम वापसी का समय 4 बजे तक था जिसे मनमाने ढंग से बढ़ाकर 4:30 बजे कर दिया गया और फिर, 18 अप्रैल को बिना किसी पूर्व सूचना के प्रत्याशियों की फाइनल सूची जारी होने के बावजूद, एक अतिरिक्त आधे घंटे का समय और देकर वामपंथी संगठनों को मनमाफिक बदलाव की छूट दी गई। यह सब इसलिए किया गया ताकि आइसा और एसएफआई के बीच आंतरिक मतभेदों को सुलझाया जा सके और वामपंथी गठबंधन को चुनाव में एकजुट रूप से उतारा जा सके। जब इस मनमानी का विरोध आम छात्रों और विभिन्न संगठनों ने किया तो चुनाव समिति ने पूरे चुनावी कार्यक्रम को होल्ड पर डाल दिया, जो दर्शाता है कि इलेक्शन कमेटी की प्राथमिकता निष्पक्षता नहीं, बल्कि वामपंथी संगठनों के हितों की रक्षा करना रहा है।

## खबर संक्षेप

### राजधानी में हुई हल्की बूंदाबांदी, चली तेज हवा

नई दिल्ली। दिल्ली में तीसरे दिन रविवार को हल्की बूंदाबांदी और तेज हवा चली। दिनभर मौसम खुला रहा, बादलों की आवाजाही भी देखने को मिली। बावजूद इन सबके अधिकतम तापमान अब भी लगभग 40 डिग्री सेल्सियस के करीब ही रहा। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार वीकेंड के अवसर पर दिल्ली का ओवर आल अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जोकि इस मौसम के सामान्य तापमान से 3 डिग्री ज्यादा रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4.4 डिग्री ज्यादा है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में सबसे ज्यादा तापमान आयानगर में 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हालांकि मौसम विभाग ने अच्छी बारिश व तेज आंधी को लेकर येलो अलर्ट जारी किया था।

### बिजली की मांग में लगातार हो रही गिरावट दर्ज

नई दिल्ली। गर्मी के इस सीजन में मौसम के अलग अलग रंग दिखाने का एक असर बिजली की मांग पर देखने को मिलता है। बारिश व तेज हवाओं के चलने से मौसम में हुए बदलाव के चलते बिजली की मांग 6000 मेगावाट से 5100 मेगावाट तक गिर चुकी है। गत दिनों बिजली की मांग का आंकड़ा 6 हजार मेगावाट तक पहुंच गया था, जो इस सीजन की सबसे अधिक खपत थी। लेकिन अब गत तीन चार दिन में बारिश व तेज हवाओं से मौसम के बदलने का असर बिजली की मांग में कमी के रूप में देखने को मिल रहा है। रविवार को बिजली की मांग का ग्राफ लुढ़ककर 5116 मेगावाट रह गया जबकि शनिवार को यह आंकड़ा 5489 मेगावाट दर्ज हुआ था। एक ही दिन में 373 मेगावाट की भारी कमी दर्ज हुई है।

### गुरुद्वारा कमेटी ने निकाला फतेह जनरैल मार्च

**नई दिल्ली**। दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी द्वारा लाल किले पर मनाए जा रहे दो दिवसीय दिल्ली फतेह दिवस के दूसरे दिन कई कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से लेकर कई मंत्री, सांसद, विधायक आदि प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया। दूसरे दिन रविवार को जनरेली मार्च निकाला गया। जिसमें निहंग सिंह, घोड़े, हाथी पर सवार अलग ही दृश्य पेश करते नजर आए। कई क्षेत्रों से होते हुए मार्च का समापन देर शाम लाल किले पर समाप्त हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों, धर्म प्रचार कमेटी के प्रमुख सरदार जसप्रीत सिंह काहलों सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी तथा समाज के लोग मौजूद थे। इस बारे में अध्यक्ष कालका ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल हुई सीएम रेखा गुप्ता ने आह्वान किया था कि बाबा बघेल सिंह, बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया और बाबा जस्सा सिंह अहलूवालिया द्वारा दिल्ली फतह का जश्न पूरी दुनिया को मनाना चाहिए। वहीं मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि दिल्ली पर फतह हमारी कौम के लिए बहुत मान और सम्मान की बात।

## आधुनिक जीपीएस ट्रैकिंग से टैंकर माफिया पर लगेगी लगाम

# सीएम ने जीपीएस से युक्त 1,111 जल टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को डीडीए ग्राउंड, आउटर रिंग रोड, बुराड़ी से दिल्ली जल बोर्ड के 1,111 जीपीएस से युक्त जल टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य दिल्ली की जल आपूर्ति व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। यह कदम विशेष रूप से उन क्षेत्रों को ध्यान में रखकर उठाया गया है जहां पाइपलाइन से जलापूर्ति नहीं हो पाती है। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली में आधुनिक जीपीएस ट्रैकिंग से टैंकर माफिया पर सख्त लगाम लगेगी। इन टैंकरों की 24 घंटे निगरानी सीधे तौर पर सेंट्रल कंट्रोल रूम से की जाएगी। इसके साथ ही, दिल्ली जल बोर्ड एप के माध्यम से नागरिक न केवल जल टैंकरों की ट्रैकिंग कर सकेंगे, बल्कि अपनी शिकायतें दर्ज कर उनके समाधान की प्रक्रिया भी देख सकेंगे। मुख्यमंत्री ने इस तकनीकी पहल को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि दिल्ली सरकार नई सोच और तकनीक के साथ राजधानी को डिजिटल दिल्ली बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने जानकारी दी कि 'विकसित दिल्ली बजट' के तहत जल एवं स्वच्छता क्षेत्र के लिए 9 हजार करोड़ रुपए का ऐतिहासिक बजट आवंटित किया गया है, जिससे दिल्ली के हर घर तक शुद्ध, सुरक्षित और निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इन्द्रराज सिंह, कपिल मिश्रा, लोकसभा सांसद मनोज तिवारी, बांसुरी स्वराज, कमलजीत सेहरावत, योगेन्द्र चंदोलिया, प्रवीण खंडेलवाल और विधायकों समेत दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। सीएम ने बताया कि दिल्ली सरकार का संकल्प है कि दिल्ली में हर नागरिक को स्वच्छ और पर्याप्त जल मिल सके। दिल्ली सरकार राजधानी में पाइपलाइन नेटवर्क के विस्तार, लीकेज नियंत्रण, और आधुनिक जल प्रबंधन तकनीकों के माध्यम से एक मजबूत और पारदर्शी जल आपूर्ति प्रणाली



सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली के हर घर, हर गली, हर मोहल्ले तक निर्बाध जल पहुंचे ताकि पानी जैसी मूलभूत जरूरत के लिए दिल्लीवासियों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि आज का दिन दिल्लीवासियों के लिए एक ऐतिहासिक और गर्व का क्षण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'हर घर जल' योजना को साकार करने की दिशा में दिल्ली सरकार पूरी ताकत के साथ काम कर रही है। आज हम केवल जल टैंकर सेवा की शुरुआत नहीं कर रहे, बल्कि एक नई सोच, नई प्रणाली और पूर्ण पारदर्शिता पर आधारित एक नई व्यवस्था की नींव रख रहे हैं। ये सभी जल टैंकर अत्याधुनिक जीपीएस तकनीक से सुसज्जित हैं, जिन्हें झंडेवालान स्थित सेन्ट्रल कंट्रोल रूम से चौबीसों घंटे रीयल-टाइम में ट्रैक किया जा सकेगा। टैंकर किस क्षेत्र में गया, कब पहुंचा और कहाँ पानी वितरित हुआ, इन सभी जानकारियों की निगरानी अब तुरंत संभव होगी।साथ ही, दिल्ली जल बोर्ड की मोबाइल ऐप के माध्यम से एक ऐसा सिस्टम तैयार किया गया है जहां नागरिक न केवल अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं, बल्कि उसकी ट्रैकिंग और समाधान की पूरी प्रक्रिया भी स्वयं देख सकेंगे। यह व्यवस्था न केवल टैंकर माफिया पर सख्ती से नियंत्रण स्थापित करेगी, बल्कि आम नागरिकों के जल संबंधी अधिकारों की सुरक्षा में भी एक मजबूत कदम साबित होगी। मुख्यमंत्री ने भी स्पष्ट किया कि दिल्ली में जहां-जहां अब तक जल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो पाई है, वहां दिल्ली सरकार जल्द ही पाइप द्वारा पीने की पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

पिछली सरकार पर तंज करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जहां एक ओर पिछली सरकार के कार्यकाल में दिल्ली में मात्र दो सुपर सकर मशीनें कार्यरत थीं, वहीं हमारी सरकार ने इस संख्या को बढ़ाकर पचास कर दिया है। अब दिल्ली की सड़कों पर 50 सुपर सकर मशीनें तैनात हैं, ताकि कहीं भी सीवर ओवरफ्लो की समस्या उत्पन्न हो, तो तुरंत उसे हल किया जा सके।

### हर घर तक नल से पानी पहुंचे, तैयार कर रहे हैं प्लान

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारा संकल्प है कि दिल्ली के हर घर तक नल के माध्यम से पानी पहुंचे । इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी दिल्ली के लिए एक सुव्यवस्थित ले-आउट प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसमें टाउन प्लानिंग के सिद्धांतों के आधार पर चरणबद्ध तरीके से पाइप से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

### सभी मंत्री ग्राउंड जीरो से ले रहे रिपोर्ट

**नई दिल्ली**। सरकार पूरी एकजुटता के साथ दिल्ली की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर काम कर रही है। फिर चाहे वह वायु प्रदूषण हो, यमुना की सफाई, सड़कों की मरम्मत, शिक्षा या स्वास्थ्य की स्थिति, हर क्षेत्र में हमारा ध्यान केंद्रित है। दिल्ली सरकार के सभी मंत्री अपने-अपने विभागों की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभा रहे हैं। वे सातों दिन फील्ड में जाकर कार्य कर रहे हैं, ग्राउंड जीरो से रिपोर्ट ले रहे हैं और समस्याओं का समाधान खोज रहे हैं। दिल्ली में आने वाले मानसून के दौरान जलभराव की समस्या न हो और गर्मी के पीक सीजन में पानी की किल्लत न हो इसके लिए पूरी तैयारी और योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।

## टैंकरों में पहले से ही लगे हुए थे जीपीएस : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 2022 में जब मैं दिल्ली जल बोर्ड का उपाध्यक्ष बना उस समय भी दिल्ली जल बोर्ड के तमाम टैंकरों में जीपीएस पहले से ही लगा हुआ था, तो ऐसे में सीएम रेखा गुप्ता का यह कहना कि हम दिल्ली जल बोर्ड के टैंकरों में जीपीएस लगाएंगे बेहद ही शर्मनाक और हास्यास्पद है। प्रैसवार्ता में सौरभ ने कहा कि दिल्ली सरकार ने ऐलान किया कि वह दिल्ली वालों को 1111 पानी के टैंकर तोहफे में दे रहे हैं।



यह बड़ा ही हास्यास्पद है, क्योंकि दिल्ली में कई सालों से लगातार टैंकरों के माध्यम से जनता को पानी उपलब्ध कराने का काम किया जाता रहा है। उन्होंने बताया की गर्मियों में क्योंकि पानी की खपत अधिक होती है, तो इन टैंकरों के माध्यम से जनता को पानी उपलब्ध कराया जाता है। जरूरत पड़ने पर इन टैंकरों की संख्या बढ़ा दी जाती है और सर्दियों में पानी की खपत कम होती है, तो टैंकरों की संख्या कम कर दी जाती है। परंतु ऐसा नहीं है कि दिल्ली में पहली बार टैंकरों के माध्यम से जनता को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है जैसा की भाजपा की दिल्ली सरकार ढोंग का ढोल पीट रही है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बने हुए 2 महीने बीत चुके हैं, परंतु उनके पास अभी तक ऐसा कोई भी कार्य नहीं है, जिसको लेकर भाजपा शासित दिल्ली सरकार अपनी तारीफ कर सके।

### एलजी ने दी ईस्टर संडे की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। ईसाई समुदाय के पवित्र पर्व ईस्टर के अवसर पर रविवार को एलजी विनय कुमार सक्सेना ने समाज के लोगों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। सक्सेना ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि सभी को ईस्टर की हार्दिक शुभकामनाएं! यह पवित्र दिन शांति, करुणा और न्याय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करे। उन्होंने लिखा कि यीशु मसीह (यीशु) का जीवन और संदेश हमें हाशिए पर पड़े लोगों का उत्थान करने और अधिक समावेशी, सामंजस्यपूर्ण समाज बनाने के लिए प्रेरित करे। बता दें कि ईस्टर ईसाई धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो ईसा मसीह के पुनरुत्थान की याद में मनाया जाता है। ईसाई धर्म की मान्यता है कि यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था और उनकी मृत्यु हो गई थी, लेकिन तीन दिन बाद वे पुनर्जीवित हो गए।

## 'वन नेशन वन इलेक्शन' देश की आवश्यकता : सचदेवा

### राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष की उपस्थिति में की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

'वन नेशन वन इलेक्शन' देश की आवश्यकता है। इसके माध्यम से देश के समय, धन और संसाधन को बचाकर हम एक विकसित राष्ट्र की कल्पना कर सकते हैं। यह बातें रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कही। गौरतलब है कि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा की उपस्थिति में 'वन नेशन वन इलेक्शन' को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक के बाद वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि रविवार को वर्कशॉप के माध्यम से राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमें वन नेशन वन इलेक्शन राष्ट्र




का अभियान बनें इस मुद्दे पर हमने चर्चा की है। सचदेवा ने कहा कि बार-बार देश में चुनाव होने देश का विकास बाधित होता है और पिछले 30 सालों का आंकड़ा अगर आप देखे तो हर साल किसी ना किसी राज्य में चुनाव होता है और हर पांच साल पर लोकसभा चुनाव के साथ राज्य का में चुनाव होता है इसलिए चुनावी प्रक्रिया में काफी समस्या आती है। सचदेवा ने कहा कि समय, धन और संसाधन की बर्बादी होती है। पिछले लोकसभा चुनाव की बात करें तो एक करोड़ कर्मचारी पूरे चुनाव में लगे थे इसलिए अगर हमें देश को विकसित राष्ट्र बनाना है तो उसके लिए आवश्यकता है कि हमें देश के संसाधनों के साथ ही धन और समय बचाने की जरूरत है। जब भी देश में आचार संहिता लगाई जाती है तो विकास कार्य रुकते हैं। सचदेवा ने कहा कि इस अभियान को हम दिल्ली के घर-घर तक लेकर जाएंगे और कैसे देश समाज को लाभ मिलेगा उसके बारे में जन जागरण अभियान चलाएंगे। ऐसा नहीं है कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन पर पहली बार चर्चा हो रही है बल्कि इससे पहले भी 1952-67 तक यह हुआ है और 1968 में जब सरकार गिराई गई उसके बाद ही व्यवस्थाएं बिगड़ी है।

### गोयल ने रोहिणी और पश्चिम बिहार में की बैठक

# 'आवारा कुत्तों की जनसंख्या पर लगाम लगाना जरूरी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आवारा कुत्तों की जनसंख्या पर लगाम लगाना जरूरी है। यह बात रविवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने कही। दरअसल पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल 'लोक अभियान' संस्था की ओर से आन्दोलन को पिछले दो साल से चला रहे हैं। आन्दोलन की इस कड़ी में रविवार को गोयल ने रोहिणी सेक्टर 3 और पश्चिम विहार में बैठकें की। इन बैठकों में सैकड़ों की संख्या में आवारा कुत्तों से परेशान लोगों ने अपनी समस्याएं गोयल को बताई और उनका स्थाई समाधान करने की मांग की। बैठक में आई एक महिला नीलम आहूजा ने कहा कि उनकी गली में इतने ज्यादा आवारा कुत्ते हैं कि घर से बाहर निकलने में डर लगता है। रात भर शोर मचाते हैं। डर के कारण बच्चे बाहर खेल नहीं सकते। एक अन्य निवासी डीके



गोयल ने कहा कि कुछ लोग जो इन आवारा कुत्तों को खाना देते हैं, वे उनसे लड़ने के लिए आ जाते हैं और पुलिस बुला लेते है। इन आवारा कुत्तों की 100 प्रतिशत नसबंदी की जाए ताकि उनकी संख्या जो दिल्ली में 8 लाख है, वह 60 लाख न हो जाए। गोयल ने बताया कि यह आंदोलन चलाकर वे कुत्तों को सम्मान दिला रहे हैं, अन्यथा देश में रोज जो 20 हजार कुत्ते, लोगों को काटते हैं, उसके कारण लोग उनसे नफरत करने लगेंगे। आवारा कुत्तों की जनसंख्या में लगाम लगाना जरूरी है। गोयल ने मीटिंग में आए लोगों को जानकारी दी कि देश भर में 12 करोड़ से अधिक कुत्ते हैं। अकेले दिल्ली में 8 लाख से ज्यादा और 2 हजार केस कुत्तों के काटने के दिल्ली में प्रतिदिन आते हैं। अकेले राम मनोहर लोहिया अस्पताल में प्रतिदिन 200 केस आते हैं। गोयल ने बताया कि आवारा कुत्तों की समस्याओं को लेकर पशुपालन मंत्रालय भारत सरकार, दिल्ली स्वास्थ्य मंत्रालय, राज्य सरकारें एवं स्थानीय निकाय जिम्मेदार हैं। दिल्ली के अन्दर एमसीडी ने कुत्तों की नसबंदी की जिम्मेदारी सिर्फ 12 एनजीओ को दे रखी है, जिनमें काफी भ्रष्टाचार है, इनमें से बहुत सी संस्थाएं विदेशी फंडिंग के लालच में चल रही हैं। बैठक में संजय रल्हन ने कहा कि पार्कों के अन्दर हमने अपने बच्चों को भेजना बन्द कर दिया है और लोगों ने कुत्तों से बचने के लिए लाठियां पकड़ना शुरू कर दिया है। एक अन्य निवासी प्रमोद गोयल ने कहा कि आवारा कुत्तों की समस्या बढ़ती जा रही है, यदि ऐसा ही रहा तो वो दिन दूर नहीं जब कुत्ते बाहर मजे से घूम रहे होंगे और हम लोग उनके डर से घरों में बंद रहेंगे। गोयल ने कहा कि आरडब्ल्यूए संगठित होकर आवारा कुत्तों की समस्याओं का निदान चाहती है, इसलिए हमारा यह आंदोलन चल रहा है।

## उपराज्यपाल के 'मॉडल गांव' कुतुब गढ़ में भ्रष्ट गठजोड़ बेखौफ, गलियों के निर्माण में धांधली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम का भ्रष्ट तंत्र बेखौफ होकर अपने मंसूबों को अंजाम देने में जुटा है। निगम पार्षद और अधिकारियों का ये गठजोड़ किस कदर विकास कार्यों के बजट को अपनी तिजोरियों में भर रहा है, यह उपराज्यपाल के मॉडल विलेज कुतुब गढ़ में देखा जा सकता है। उत्तर पश्चिम दिल्ली के नरेला जोन के अंतर्गत नांगल ठाकरान वार्ड में हाल फिलहाल गावों में सीमेंट कंक्रीट की गलियां बनाई जा रही हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि गलियां बनाने के नाम पर सिर्फ लीपा-पोती कर दी गई है या की जा रही है। अगर इस मामले की ढंग से जांच हो तो गली निर्माण के नाम पर करोड़ों रूपये का घोटाला सामने आ सकता है।

नांगल वार्ड के कई गांवों में कई साल बाद गलियों का पुनर्निमाण किया जा रहा है। कई करोड़ का बजट होने के बावजूद घटिया निर्माण सामग्री लगाकर खानापूर्ति कर दी गई है। गांव वालों का कहना है कि खुली लूट चल रही है। ताजा मामला कुतुब गढ़ गांव का है। गलियों में पुनर्निमाण करते समय न तो पत्थर की गिट्टी/रोड़ी डाली गई और न ही ईट के टुकड़े बिछाये गये। भ्रष्टतंत्र में शामिल नगर निगम अधिकारियों ने यह देखने की जहमत ही नहीं उठाई कि ठेकेदार दोयम दर्जे की मिट्टी डालकर उस पर सीमेंट कंक्रीट डाल दे रहा है। अब मिट्टी पर कंक्रीट भला कितने महीने चलेगा। गलियों में कंक्रीट डालने से पहले पत्थर की गिट्टी या रोड़ी डालना बहुत जरूरी होता है ताकि सीमेंट कंक्रीट पकड़ बना सके। दरअसल मिट्टी पर सीमेंट कंक्रीट डालने के पीछे जुगत यहीं है कि पत्थर की रोड़ी में लगने वाला पैसा निर्माण से जुड़े जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपनी जेब में डाल सकें, और वे बेखौफ होकर ऐसा कर भी रहे हैं।



### टेंडर से संबंधित जानकारी देने की नहीं उठाई जहमत

कुतुब गढ़ के कई जागरूक निवासियों का आरोप है कि गली निर्माण संबंधित टेंडर की जानकारी का एक भी बोर्ड गांव के किसी कोने में नहीं लगाया गया। नगर निगम के किन अधिकारियों की देखरेख में कार्य हो रहा है, ठेकेदार कौन है, बजट धनराशि कितनी है, निर्माण कार्य में सीसी कितने इंच की मोटाई में डाली जानी है, सीसी मिक्चर किस प्लांट में तैयार कराया जा रहा है, कार्य पूर्ण होने की समयावधि कितनी है, अगर किसी व्यक्ति को निर्माण को लेकर शिकायत करनी है तो कहां करे, इस संबंध में कोई जानकारी देने की जहमत नहीं उठाई गई है जबकि नियमों के तहत यह जानकारी देना जरूरी है। गांववासी अंदेशा जता रहे हैं कि सीसी मिक्सचर की क्वालिटी दोयम दर्जे की है। जाहिर है कि अगर सीमेंट तय शर्तों से कम मिलाया गया है तो कुछ ही महीनों में गलियां टूट जाएंगी।

- मॉडल गांव कुतुब गढ़ : गलियों के पुनर्निमाण का बजट भ्रष्टतंत्र की तिजोरी में
- मिट्टी पर सीमेंट कंक्रीट डालकर की जा रही गली बनाने की खानापूर्ति
- गलियों में पुनर्निमाण करते समय न तो पत्थर की गिट्टी/रोड़ी डाली गई और न ही ईट के टुकड़े बिछाये गये
- उत्तर पश्चिम दिल्ली के नरेला जोन के नांगल ठाकरान वार्ड का मामला
- गांव वासियों का आरोप, ज्यादातर गलियों का बेस मिट्टी से किया तैयार, सीमेंट मिक्सचर की मोटाई में भी घपला

### एलजी और सीएम से जांच की मांग

कुतुब गढ़ के कई लोगों ने इस पूरे घोटाले की जांच की मांग दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली नगर निगम आयुक्त से की है।



### उपराज्यपाल का पहला मॉडल गांव है कुतुब गढ़

गौरतलब है कि बवाना विधानसभा का कुतुब गढ़ गांव दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा घोषित पहला मॉडल गांव है। उपराज्यपाल सक्सेना पिछले दो सालों में कई बार गांव का दौरा कर चुके हैं। गांव वासियों को इस बात का भी दुख है कि मॉडल गांव को भी नगर निगम का भ्रष्ट तंत्र दीमक की तरह खा रहा है। उपराज्यपाल का कुतुबगढ़ गांव से सीधा जुड़ाव होने के बावजूद पार्षद, अधिकारियों और ठेकेदार का गठजोड़ बेखौफ है। एक तरफ एलजी वीके सक्सेना गांव के उत्थान हेतु प्रयासरत हैं दूसरी तरफ भ्रष्टतंत्र उनकी योजनाओं पर पलीता लगाने में जुटा हुआ है।

### पार्षद पति बोले...अगर ऐसा है तो



नांगल ठाकरान वार्ड से निगम पार्षद बबीता डबास से इस बाबत जानकारी के लिए फोन किया गया तो उनके पार्षद पति दीपक डबास ने कहा कि गली निर्माण कार्य में मिट्टी नहीं डाली जा रही है और अगर ऐसा है तो इसे हटवाया जाएगा। दूसरी तरफ कुतुब गढ़ गांव के लोगों का कहना है कि ज्यादातर गलियों में पत्थर की रोड़ी बजरी की बजाय मिट्टी डाली गई है। उनका आरोप है कि निगम पार्षद को इस पूरे मामले की जानकारी है, जानबूझकर आंखे बंद किये हुए है। ग्रामीणों का कहना है कि जब भ्रष्टाचार के चलते गलियों में सरेआम मिट्टी डाल दी गई तो बाद में इस पर डाली गई सीमेंट कंक्रीट ग्रेड की क्वालिटी भी घटिया ही होगी। बनाई गई गलियों की गुणवत्ता जांच जरूरी है। गांववासियों का कहना है कि एमसीडी कमिश्नर को इस पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए।

### मंत्री रविन्द्र इंदराज की विधानसभा सीट है बवाना



कुतुब गढ़ गांव बवाना विधानसभा सीट के तहत आता है। यहां से दिल्ली सरकार के मंत्री रविन्द्र इंदराज विधायक हैं। बवाना सीट से पहली बार निर्वाचित रविन्द्र इंदराज के विधानसभा क्षेत्र में खुलेआम ऐसा हो रहा है तो यह विचारणीय प्रश्न है। लोगों का कहना है कि क्षेत्रीय सांसद योगेन्द्र चंदोलिया को भी इस पूरे मामले का संज्ञान लेना चाहिए।

### प्रधानमंत्री मोदी को शिकायत भेजने की तैयारी

कुतुब गढ़ के निवासी अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पूरे मामले की शिकायत भेजने की तैयारी में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दिल्ली देहात की लगभग सभी विधानसभा सीटों पर इस साल हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने में गांवों की बड़ी भूमिका रही है। बावजूद इसके निगम पार्षद, विधायक और सांसद भाजपा का होते हुए नांगल ठाकरान वार्ड में खुलेआम विकास कार्यों में लूट मची हुई है।

### डीसी ने जांच की बात कही : निदेशक

इस निर्माण कार्य के बारे में दिल्ली नगर निगम में प्रेस एवं सूचना निदेशक सुमित कुमार ने बताया कि नरेला जोन के निगम उपायुक्त राकेश कुमार ने कहा है कि मामले की जांच की जाएगी और टेंडर नियमों का उल्लंघन पाया गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## 24 जिलों में गरज चमक वज्रपात के आसार



**लखनऊ।** यूपी के करीब 24 जिलों में रविवार को गरज चमक संग वज्रपात के आसार हैं। इस दौरान इन इलाकों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चलने और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। मौसम विभाग ने बुंदेलखंड के झांसी, हमीरपुर समेत 7 जिलों में ऊष्ण रात्रि की चेतावनी जारी किया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार सोमवार से मौसम साफ रहेगा।

## नर्सरी से 8वीं तक के स्कूलों का समय बदला



**आगरा।** भीषण गर्मी में लू के थपेड़ों ,गर्म हवा के प्रकोप से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभाव के मद्देनजर डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी ने नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के सभी सरकारी, गैर सरकारी, निजी मिशनरीज स्कूलों के समय में बदलाव किया है। अग्रिम आदेशों तक सुबह 7 बजे से 12:30 बजे तक कक्षाएं लगेंगी। कक्षा संचालन के दौरान गर्मी से बचाव के इंतजाम करने के आदेश डीएम ने दिए हैं।

## बिहार में हर्ष फायरिंग में डांसर को लगी गोली, मौत



**दरभंगा।** यहां जाले थाना क्षेत्र के जोगियारा में सुबह हर्ष फायरिंग में एक नर्तकी बुरी तरह जख्मी हो गई। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए दरभंगा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पूर्व सैनिक राम विनय सिंह के पुत्र राजन सिंह की आवास पर हल्दी की रस्म के दौरान गीत और नृत्य का दौर चल रहा था।

### *संभल हिंसा के मास्टर माइंड शारिक साटा का अंत ?*

# 2 करोड़ की संपत्ति पर कानूनी शिकंजा,सरकार के खाते में अटैच

एजेंसी ▶▶ संभल



संभल हिंसा के मास्टर माइंड कुख्यात भगोड़े वाहन लिफ्टर शारिक साटा की दो करोड़ से ज्यादा की जमीन शासन ने सरकार के खाते में अटैच कर ली है। गैंगस्टर के एक मामले में कार्रवाई हुई है। शारिक साटा एवं उसके गैंग के दूसरे साथी की पत्नी के नाम पर उक्त जमीन दर्ज थी।

नखासा थाना इलाके में तुर्तीपुर इल्हा में दिल्ली रोड पर उक्त 268 स्क्वायर मीटर जमीन है, जो शारिक साटा एवं उसके साथी सिकंदर की पत्नी के नाम पर थी। पुलिस की माने तो गैंग ने अपराध से उक्त जमीन खरीदी थी। 2009 के गैंगस्टर के एक केस में शारिक साटा एवं सिकंदर आरोपी हैं। इस केस के तहत ही प्रशासन ने आरोपियों की पत्नी से जमीन खरीद को धन के स्रोत की जानकारी मांगी थी।

# आपदा से किसानों को हुए नुकसान की जल्द भेजें रिपोर्ट

यूपी में वर्षा और ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को तत्काल रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है। उन्होंने पीड़ित परिवारों की सूची बनाकर सरकार को सौंपने और राहत कार्यों में तेजी लाने को कहा है। सीएम योगी ने कहा है कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर जल्द से जल्द नुकसान का आंकलन किया जाए ताकि किसानों को मुआवजा दिया जा सके।

## *सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए निर्देश*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार व शनिवार को हुई वर्षा, वज्रपात व ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान की रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। बीते दिनों खराब मौसम के कारण विभिन्न जिलों में हुई जनहानि, पशुहानि व फसलों को हुए नुकसान का सर्वेक्षण करने में जुटे अधिकारी को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि हर पीड़ित परिवार की सूची तैयार कर सरकार को भेजी जाए, जिससे उन्हें सहायता राशि जारी की जा सके।

मुख्यमंत्री ने राहत कार्यों में जुटे अधिकारियों को कार्य और तेज करने के निर्देश भी दिए हैं। कहा है कि हर पीड़ित परिवार तक मदद पहुंचनी चाहिए। इस काम में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अधिकारी स्वयं करें आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



उन्होंने कहा है कि अधिकारी स्वयं आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करके रिपोर्ट तैयार करें। साथ ही राहत कार्यों पर नजर रखें। आपदा से हुई जनहानि व पशुहानि की स्थिति में पीड़ितों को तत्काल राहत राशि प्रदान करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए हैं। कहा है कि घायलों का उपचार कराया जाए।

### सौर ऊर्जा क्रांति की तरफ बढ़ रह कदम

# उत्तर प्रदेश में 2027 तक 8 लाख सोलर रूफटॉप प्लांट लगाने का लक्ष्य निर्धारित

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार ने प्रदेश में मार्च 2027 तक 8 लाख सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने का लक्ष्य तय किया है। योजना के मुताबिक हर महीने हर जिले में 300 सोलर संयंत्र लगेंगे।

उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने बड़ी योजना पर काम शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में मार्च 2027 तक 8 लाख सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2.65 लाख इंस्टॉलेशन का टारगेट रखा गया है।

योजना के मुताबिक हर महीने 22 हजार इंस्टॉलेशन किए जाएंगे, यानी हर जिले में करीब 300 सोलर संयंत्र लगेंगे। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार ने जनपद, डिस्कॉम, नगर निगम और नगर पालिका स्तर पर टारगेट तय किए हैं। इनकी निगरानी मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से जुड़ी व्यवस्था के जरिए की जा रही है, जिससे हर जिले की प्रगति की रियल टाइम निगरानी हो सके।

### अब तक लगाए गए एक लाख से अधिक रूफटॉप सोलर प्लांट

2025-26 में 2.65 लाख इंस्टॉलेशन का टारगेट रखा गया

हर महीने 22 हजार इंस्टॉलेशन किए जाएंगे



*फिलहाल हर महीने औसतन 11 हजार रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं। अब तक 1 लाख से ज्यादा संयंत्र पूरे प्रदेश में लगाए जा चुके हैं। इस योजना को अमल में लाने की जिम्मेदारी यूपीनेडा (उत्तर प्रदेश न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी) को दी गई है, जो इस दिशा में लगातार काम कर रही है। प्रदेश सरकार ने इस योजना के लिए अब तक 2500 से अधिक वेंडर्स को इमपैनल्ड किया है और 1800 से ज्यादा को प्रशिक्षण भी दिया गया है। इन वेंडर्स को बैंकिंग सहायता और क्रेडिट गारंटी का भी लाभ मिल रहा है, जिससे वे सोलर संयंत्र लगाने के काम को बड़े पैमाने पर अंजाम दे सकें। फरवरी 2024 में शुरू हुई योजना को योगी सरकार ने ग्रीन एनर्जी के तहत अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है।*

### वेंडर्स को मिल रही है ट्रेनिंग और बैंकिंग सपोर्ट

सरकार ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए 2500 से अधिक वेंडर्स को इमपैनल्ड किया है और 1800 से ज्यादा को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके अलावा बैंकिंग सहायता और क्रेडिट गारंटी जैसी सुविधाएं भी वेंडर्स को दी जा रही हैं, ताकि वे सुचारू रूप से इंस्टॉलेशन का कार्य कर सकें।

### पर्यावरण संरक्षण अहम भूमिका निभाएगी योजना

सरकार का मानना है योजना न सिर्फ लोगों को बिजली के बिल से राहत देगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी बड़ी भूमिका निभाएगी। घर-घर सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाकर योगी सरकार एक तरफ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है, वहीं दूसरी तरफ ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भी मजबूती से कदम बढ़ा रही है।

### तेजस्वी बोले- मेरे खिलाफ बोलने से क्या होगा ?

# बिहार में भ्रष्टाचार चरम पर, पटना में ग्लोबल टेंडर पर उठाए सवाल



एजेंसी ▶▶ पटना

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य सरकार से चरमराई व्यवस्था को ठीक करने को कहा। उन्होंने रविवार को राघोपुर रवाना होने के पहले पटना में मीडिया से बातचीत में कहा कि पैसे पेड़ में तो फर नहीं रहे जो अधिकारी तोड़ कर जमा कर रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार चरम पर है मेरे खिलाफ बोलने से क्या होगा, अगर कुछ करना है तो चरमराई सिस्टम को ठीक करें।

### बिना एप्रोच रोड के 5 हजार से अधिक पुल-पुलिया बनाए

बिहार सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में ग्लोबल टेंडर के जरिए किए जा रहे कार्यों को लेकर तेजस्वी ने कहा कि जब जब आप बिहार के ठेकेदारों की जगह बाहरी ठेकेदारों को काम देंगे और उसमें कमीशनखोरी करेंगे, तो काम कभी ढंग से नहीं होगा। बिना एप्रोच रोड के करीब पांच हजार से अधिक पुल-पुलिया बनाए गए हैं। सवाल पूछते हुए कहा कि राज्य सरकार की जांच एजेंसियां क्या कर रही हैं? क्यों नहीं ऐसे करप्शन में लिप्त अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। जिनके विरुद्ध ईडी और सीबीआई कार्रवाई करती है।

### गलत नीतियों से लोगों पर कर्ज का बोझ बढ़ा

इससे पहले भी तेजस्वी ने नीतीश सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना की थी और आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों से राज्यवासियों पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। हालांकि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बिहार दौरे को लेकर किए गए सवाल पर चुप्पी साध गए।

### *नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में होंगे पुरस्कृत*

# झारखंड के अफसर होंगे पीएम मोदी के हाथों सम्मानित

एजेंसी ▶▶ रांची

केंद्र सरकार द्वारा बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया जाता है इस बार झारखंड के सरायकेला खरसावां के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला का चयन उनके उत्कृष्ट कार्यों के वजह से हुआ है। बता दे नई दिल्ली में आयोजित होना वाले सम्मान कार्य से पहली सरायकेला खरसावां का दौरा नीति आयोग की टीम द्वारा किया गया था। जहां उन्होंने पाया कि जिला के आकांक्षी प्रखंड गम्हरिया में योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया गया है। मापदंड के अनुसार सभी कार्य लगभग पूरे किए गए थे, जिस वजह से नीति आयोग की टीम उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के काम से संतुष्ट नजर आए। 21 अप्रैल को उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों सम्मानित होंगे। इससे छेत्र के लोग उत्साहित हैं।

### *पहले भी कई अवार्ड मिल चुके हैं*

*मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले रवि शंकर शुक्ला अपने सफल नेतृत्व एवं कार्यों के वजह से पहले भी सम्मानित हो चुके हैं। वर्ष 2023 में दुमका जिले के उपायुक्त रहते हुए रवि शंकर शुक्ला ने लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन में उल्लेखनीय कार्य किया था। इसके लिए दुमका जिले को राष्ट्रपति के हाथों भूमि पुरस्कार मिला था। शुक्ला को वर्ष 2024 में तत्कालीन राज्यपाल एस राधाकृष्णन ने नेशनल वोटर डे पर सम्मानित किया था।*

## पेज एक का शेष

### रामबन में बादल ...

केंद्रीय मंत्री बोले- प्रशासन से लगातार संपर्क में: केंद्रीय मंत्री और उधमपुर से भाजपा सांसद डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वह लगातार डिप्टी कमिश्नर बसीर-उल-हक चौधरी के संपर्क में हैं। उन्होंने जिला प्रशासन की रेस्क्यू अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर संभव मदद दी जा रही है और अगर जरूरत पड़ी तो वे निजी संसाधनों से भी मदद करेंगे।

**डायवर्ट की फ्लाइट, सीएम अब्दुल्ला भड़के:** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शनिवार रात दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट डायवर्जन को लेकर भड़क गए । उन्होंने कहा- दिल्ली एयरपोर्ट पर पूरी तरह बर्बादी का नजारा है। अथॉरिटी ने उमर अब्दुल्ला को जवाब देते हुए लिखा, डियर मिस्टर अब्दुल्ला, जैसा कि आप जानते हैं, हमने दिल्ली में अचानक बदलते मौसम और हवा की दिशा को लेकर कई एडवाइजरी पहले ही जारी की हैं। दरअसल, अब्दुल्ला इंडिगो की फ्लाइट से श्रीनगर से दिल्ली आ रहे थे। दिल्ली एयरपोर्ट पर भीड़ और गड़बड़ी की वजह से पहले तो फ्लाइट को 3 घंटे तक लैंड नहीं कराया, फिर जयपुर डायवर्ट कर दी गई।

### सीएम ने गांधी...

प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि गांधी सागर अभयारण्य में 2 चीते छोड़े जाने का अवसर प्रसन्नता का विषय है। इस लुप्त प्रायः प्रजाति के वन्य प्राणी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से सितंबर 2022 में मप्र में पहली बार लाया गया था। अब इन चीतों का कुनबा बढ़ रहा है। 'चीता प्रोजेक्ट ' मध्यप्रदेश की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। परियोजना का उद्देश्य भारत में चीतों की संख्या बढ़ाना और उनकी प्रजाति को बचाना है। इसमें हमें सफलता भी मिल रही है। गांधी सागर अभयारण्य प्रदेश का दूसरा ऐसा स्थान है, जहां चीतों को बसाया जा रहा है।

### सोनिया, राहुल पर...

भटकाया जा सकता है। यही वजह है कि रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ के समय भी केवल उनकी पत्नी एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ही उपस्थित रहीं। एक नेता भी उनके आसपास नहीं दिखा। जब कि ईडी द्वारा 9 अप्रैल 2025 को सोनिया और राहुल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के बाद, कांग्रेस ने देशभर में प्रदर्शन किए, जिसमें दिल्ली, इंदौर, लखनऊ, और चंडीगढ़ जैसे शहरों में कार्यकर्ताओं ने ईडी कार्यालयों का घेराव किया। पार्टी ने इसे लोकतंत्र पर हमला और केंद्र सरकार की साजिश के रूप में प्रचारित किया, जिससे कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और जनता में सहानुभूति जुटाने की कोशिश की गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईडी के एक्शन से नहीं डरने की बात कही। ईडी मामले में पार्टी के लिए रणनीति बनाने वाले नेताओं में शुमार एक नेता ने कहा, रॉबर्ट वाड्रा, हालांकि गांधी परिवार के दामाद हैं, लेकिन वे कांग्रेस के आधिकारिक नेतृत्व का हिस्सा नहीं हैं। उनकी कारोबारी पृष्ठभूमि और हरियाणा लैंड डील जैसे मामलों में पहले से ही उनकी छवि को विवादास्पद बनाने की कोशिश भाजपा ने की है। जिससे वे खुद वाड्रा पूरी सच्चाई के साथ लड़ रहे हैं। सोनिया और राहुल के मामले को पार्टी ने अपने अस्तित्व और लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ा है, जबकि वाड्रा का मामला व्यक्तिगत कारोबारी लेनदेन से संबंधित है, नेताओं का मानना है कि वाड्रा के मसले को राजनीतिक मुद्दा बनाना जोखिम भरा हो सकता है।

### एक मंदिर, एक कुआं...

से शुरू होने वाले आरएसएस शताब्दी समारोह की तैयारियों के तहत की गई है। इसमें ब्रज क्षेत्र के आरएसएस प्रचारकों के साथ उनकी नियमित बैठकें भी शामिल रहीं। उन्होंने संगठनात्मक ढांचे की मजबूती और आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले आयोजनों की रूपरेखा पर भी चर्चा की।

**अलीगढ़ दौरे पर हैं मोहन भागवतः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत इस समय अलीगढ़ के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं में स्वयंसेवकों को संबोधित किया और सामाजिक एकता की आवश्यकता पर बल दिया। अपने दौरे के दौरान मोहन भागवत ने एच.बी. इंटर कॉलेज और पंचन नगरी पार्क में आयोजित शाखाओं में भाग लिया। इन दोनों स्थानों पर उन्होंने स्वयंसेवकों से संवाद किया और संघ के सामाजिक सरोकारों को लेकर विचार साझा किए। बता दें कि भागवत ने आरएसएस सदस्यों से समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने और उन्हें अपने घरों में आमंत्रित करने के लिए कहा ताकि जमीनी स्तर पर सद्भाव और एकता का संदेश फैलाया जा सके।

### उद्धव, राज के एक सुर...

असंभव नहीं दिख रहा अगर ये एका संभव हुआ तो शिवसेना की विरासत को मजबूत करेगा, बल्कि महाराष्ट्र में क्षेत्रीय राजनीति को नई दिशा देगा। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे दोनों ही मराठी अस्मिता और महाराष्ट्र के हितों को अपनी राजनीति का केंद्र बनाते हैं। यदि दोनों एक मंच पर आते हैं, तो मराठी वोटों का ध्रुवीकरण हो सकता है, जो वर्तमान में शिवसेना (उद्धव), शिवसेना (शिंदे), मनसे और अन्य दलों के बीच बंटा हुआ है। यह गठबंधन मराठी मतदाताओं को एक मजबूत क्षेत्रीय ताकत के रूप में एकजुट कर सकता है।

वर्ष 2022 में एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद शिवसेना दो गुटों में बंट गई, जिससे उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) को नुकसान हुआ। राज ठाकरे के साथ आने से उद्धव बालासाहेब ठाकरे की विरासत को फिर से मजबूत करने की कोशिश कर सकते हैं, जिसे शिंदे गुट ने चुनौती दी है। मराठी वोटों का एकीकरण भाजपा, शिंदे गुट, कांग्रेस और एनसीपी जैसे दलों के लिए चुनौती बन सकता है, क्योंकि ये दल भी मराठी मतदाताओं पर निर्भर हैं। खासकर मुंबई, ठाणे और पुणे जैसे शहरी क्षेत्रों में, जहां मराठी वोट निर्णायक हैं, यह गठबंधन खेल बदल सकता है। न केवल बीएमसी बल्कि ठाणे, पुणे और नासिक जैसे अन्य नगर निगम चुनावों में भी क्षेत्रीय दलों की स्थिति को मजबूत कर सकता है। यह शिंदे गुट और भाजपा के लिए एक बड़ा झटका होगा।

### *सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बोले-*

# सच्चाई छिपाने, झूठ फैलाने में माहिर है भारतीय जनता पार्टी



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सच्चाई छिपाने और झूठ फैलाने में भाजपा माहिर है। महाकुंभ में भी कुछ इसी तरह का खेल किया गया। सीएम योगी ने इंटरव्यू में दावा किया था कि महाकुंभ में 100 करोड़ लोगों की व्यवस्था की गई है, जो पूरी तरह से हवा हवाई साबित हुई है। सपा मुखिया ने कहा कि पहले किसी सरकार में कोई एक मंत्री प्रोपेगेंडा करता था, लेकिन आज पूरी भाजपा सरकार ही प्रोपेगेंडा पर चल रही है। यह सरकार तीस मार खां है। हर आंकड़े में 30 आता है। अखिलेश यादव रविवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। वह सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के यहां आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ के आयोजन को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था व इंतजाम कम थे, लेकिन प्रचार में बहुत आगे रहे। महाकुंभ के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार को सुझाव दिया। हमारी तरह से जो भी सुझाव सोशल मीडिया के माध्यम से आता था, भाजपा उसको आलोचना समझती थी। कहा कि सपा ने 2013 का महाकुंभ सफलता पूर्वक कराया था। इसके अनुभवों के आधार पर हम सरकार को सुझाव देते रहे।

# नशेड़ी ने खंडहर में फेंकी बच्ची, दिशा पाटनी की मेजर बहन ने बचाई जान

एजेंसी ▶▶ बरेली



बरेली जंक्शन पर नशेड़ी को बच्ची सौंपकर दूध लेने चली गई उसकी मां देर तक नहीं लौटी तो नशेड़ी बच्ची को उठा ले गया। उसने बच्ची पुलिस लाइन के एक खंडहर में छोड़ दी जिसके रोने की आवाज सुनकर अभिनेत्री दिशा पाटनी की मेजर बहन खुशबू पाटनी ने उसकी जान बचा ली। दिन भर खुशबू और उनकी मां बच्ची की देखभाल में लगी रहीं, शाम को पुलिस ने उसकी मां को खोज लिया। इस दौरान जीआरपी की भूमिका निराशाजनक रही।

बिहार के मधुबनी जिला निवासी गुफरान नाम की महिला की शादी बदायूं जिले के बिनावर में अहिरवारा में हुई है। गुफरान रविवार सुबह घर से आठ माह की बच्ची इनायत के साथ ट्रेन से बरेली आई थीं। सुबह सात बजे करीब गुफरान जंक्शन पर उतरीं। यहां से दूसरी ट्रेन पकड़कर उन्हें अपने मायके बिहार जाना था। इस दौरान बच्ची को भूख लगी तो गुफरान ने उसे जंक्शन पर बैठे एक नशेड़ी युवक को थमा दिया और थोड़ी देर में आने की बात कहकर चली गईं। बताते हैं कि करीब आधा घंटे तक नशेड़ी बच्ची को लेकर बैठा रहा। फिर उसकी मां को न आता देखकर बच्ची लेकर रेलवे लाइन किनारे चला गया। वह बच्ची को चौपुला के पास पुरानी पुलिस लाइन के खंडहर पड़े क्वार्टर में छोड़कर चला गया।

### बच्ची के रोने की आवाज सुनी तो पहुंचीं मां-बेटी

बरेली पुलिस से रिटायर्ड सीओ जगदीश पाटनी (अभिनेत्री दिशा पाटनी के पिता) का आवास पुरानी पुलिस लाइन की दीवार से सटा है। रविवार सुबह उनकी पत्नी पदमा पाटनी घर की सफाई कर रही थीं। उन्होंने बच्ची के रोने की आवाज सुनी तो स्वीमिंग से लौटी बेटी खुशबू पाटनी को बताया। सेना में मेजर के पद से वीआरएस लेकर करीब साल भर से माता पिता के साथ रह रहीं खुशबू तुरंत ही दीवार कूदकर उस पार गईं तो खंडहर में बच्ची रोती मिली। तब उन्होंने मां को भी बुला लिया।

# विभाग एक-दूसरे के खिलाफ नहीं लगा सकते याचिका

## *झारखंड हाई कोर्ट ने याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना*

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने तमरिया जाति को मुंडा की उपजाति स्वीकार किए जाने के खिलाफ याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने कहा कि राज्य सरकार के एक विभाग उसी राज्य के दूसरे विभाग के खिलाफ याचिका दायर नहीं कर सकते। ऐसी याचिका सुनवाई योग्य नहीं मानी जा सकती। इस मामले में कार्मिक विभाग ने आदिवासी कल्याण विभाग के सचिव की रिपोर्ट के खिलाफ याचिका दायर की थी।

### कार्मिक विभाग ने जाति छानबीन समिति के आदेश को चुनौती दी थी




कार्मिक विभाग ने जाति छानबीन समिति के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें प्रतिवादू कानू राम नाग को द्वितीय जेपीएससी परीक्षा के माध्यम से एसटी कोटे में उप निदेशक पद पर नियुक्त किया गया था। नाग ने खुद को मुंडा जाति का बताया था। इस संबंध में लालजी राम तियू नामक व्यक्ति ने पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त और अनुसूचित जनजाति आयोग में वर्ष 2013 में शिकायत की। इसके बाद पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा के उपायुक्त ने जांच रिपोर्ट मांगी और मामला जाति छानबीन समिति के पास गया। समिति ने वर्ष 2016 में अपनी रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में कहा गया कि तमरिया मुंडा की उपजाति है। इसलिए यह अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आती है। इसके बाद रिपोर्ट को रिट याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई।

### राज्य घोषणात्मक वाद दायर कर सकता है

*सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने कहा कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। खासकर तब जब जाति जांच समिति ने यह स्पष्ट निष्कर्ष दिया कि तमरिया मुंडा जाति की उपजाति है। यह एक तथ्य का निष्कर्ष है, जिसे रिट अधिकार क्षेत्र के प्रयोग में नहीं देखा जा सकता। यदि राज्य को लगता है कि तथ्य का उक्त निष्कर्ष त्रुटिपूर्ण है तो वह इस मामले के संबंध में घोषणात्मक वाद दायर कर सकता है।*

